an>

Title: Regarding gague conversion of Dohrighat-Indara railway line in Salempur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): माननीय सभापति जी, मुझे बोलने का मौका देने के लिए आपको धन्यवाद।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान पूर्वांचल के सबसे पुराने रेलखण्ड जो हमारे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर से बरहज़ा बाजार रेल खण्ड के विस्तारीकरण की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। दोहरीघाट होते हुए इन्दारा तक जाने के लिए हमने माननीय मंत्री जी से निवेदन किया है।

HON. CHAIRPERSON : Hon. Members, we have extended the time of the House only up to 7 o'clock. There are still five or six Members who want to make their submissions now. With the consent of the House, I extend the time of the House till all those Members make their submissions.

श्री रविन्दर कुशवाहा : सभापति जी, हम आपके माध्यम से रेल मंत्री से मांग करते हैं कि वाराणसी से भटनी तक के रेल लाइन का दोहरीकरण किया जाए और विद्युतीकरण किया जाए जिस से वहां की आम जनता को लाभ हो और जो उसे मुख्य धारा में लाने का काम करे।

महोदय, हमारा क्षेत्र गरीबी और बदहाली से परेशान है। वहां के नौजवान बाहर जाकर रोजी-रोटी कमाते हैं। इसलिए अगर रेल की यह सुविधा हो जाती है तो हमारे यहां के नौजवानों को रोज़गार मिलेगा।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भाटपार रानी रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन का दर्ज़ा देते हुए पश्चिमी ढाले पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण करने की मांग करता हूं। बेल्थरा रोड स्टेशन का आधुनिकीकरण करते हुए दक्षिणी एवं उत्तरी ढाले पर ओवरब्रिज निर्माण किया जाए। किडिहरापुर रेलवे स्टेशन पर इन्टरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। यही हमारी मांग है।